INDIAN SCHOOL SOHAR
PERIODIC TEST II (2023-24)
HINDI

CLASS: VII **MAX MARKS: 20**
DATE: 14/01/2024 **TIME:40 MINUTES**

सामान्य निर्देश :
1.इस प्रश्न पत्र में कुल दो खंड हैं – खंड ‘क’ और खंड ‘ख’ ।
2. कुल प्रश्नों की संख्या सात है।
3. प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए यथासंभव क्रमानुसार उत्तर लिखिए।

खंड – क (व्याकरण)

प्रश्न 1. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्द के लिए उपयुक्त विलोम शब्द का चयन कर लिखिए।

(i) ओमान में अनेक प्राचीन और ------------ इमारते हैं। 1

(क) पुरानी (ग) आधुनिक
(ख) सुंदर (घ) बड़ी

(ii) कल कक्षा में सभी छात्र उपस्थित थे, परंतु आज कुछ छात्र ------- हैं। 1

(क) अनुपस्थिति (ग) अनुपयोगी
(ख) अनुपस्थित (घ) अनुपयुक्त

प्रश्न 2. निर्देशानुसार पर्यायवाची शब्दों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(i)‘आँख’ शब्द के दो उचित पर्यायवाची शब्द वाला विकल्प छाँटकर लिखिए। 1

(क) नेत्र,नेक (ग) नेत्र ,नयन
(ख) नयन,नीर (घ) नैना, नमन

(ii)‘दिवस,वार’ किस शब्द के पर्यायवाची शब्द हैं ? 1

(क) दीन (ग) दिन
(ख) ऐंठ (घ) कपड़ा

प्रश्न 3 . ‘दबे पाँव भागना’ मुहावरे का अर्थ लिखिए। 1

(क) चैन की नींद सोना (ग) चुपचाप चले जाना
(ख) शाबाशी देना (घ) निश्चिंत होना

खंड -ख (साहित्य)

प्रश्न 4. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए :- 3

(क) मुँडेर (ख) मिश्रित (ग) अचरज

प्रश्न 5. निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करते हुए अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए:- 2

(क) बेचैन (ख) खुशबू

P.T.O

प्रश्न 6. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर निर्देशानुसार दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

'टू मिनट्स नूडल्स' के पैकेटबंद रूप से तो कम – से – कम बच्चे – बूढ़े सभी परिचित हो चुके हैं। इसी तरह नमकीन के कई स्थानीय प्रकार अभी तक भले मौजूद हों , लेकिन आलू – चिप्स के कई विज्ञापित रूप तेज़ी से घर – घर में अपनी जगह बनाते जा रहे हैं। गुजराती ढोकला – गाठिया भी अब देश के कई हिस्सों में स्वाद लेकर खाए जाते हैं और बंगाली मिठाइयों की केवल रसभरी चर्चा ही नहीं होती , वे कई शहरों में पहले की तुलना में अधिक उपलब्ध हैं। यानी स्थानीय व्यंजनों के साथ ही अब अन्य प्रदेशों के व्यंजन – पकवान भी प्रायः हर क्षेत्र में मिलते हैं और मध्यमवर्गीय जीवन में भोजन – विविधता अपनी जगह बना चुकी है।

प्रश्न

(i) उपर्युक्त गद्यांश में किस 'फास्ट फ़ूड' के बारे में बताया गया है ? 1

(ii) 'उपलब्ध' शब्द का अर्थ लिखिए। 1

(iii) कई शहरों में पहले की तुलना में क्या अधिक उपलब्ध है ? 1

(क) ढोकला (ग) आलू- चिप्स

(ख) गाठिया (घ) बंगाली मिठाइयाँ

(iv) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर सही उत्तर के लिए विकल्प चुनिए - 1

कथन (A)- मध्यमवर्गीय जीवन में भोजन – विविधता अपनी जगह बना चुकी है।

कारण (R)- कहने का अभिप्राय यह है कि स्थानीय व्यंजनों के साथ ही अब अन्य प्रदेशों के भोजन – पकवान भी प्रायः हर क्षेत्र में मिलने लगे हैं।

विकल्प : (क) कथन (A) गलत है और कारण (R) सही है। (ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं।

(ख) कथन (A) सही है परंतु कारण (R) गलत है। (घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

प्रश्न 7. निम्नलिखित प्रश्नों में से **<u>किन्हीं 3 प्रश्नों</u>** के उत्तर लिखिए :- 6

(क) युवाओं में फास्ट फ़ूड खाने की आदत को सुधारने के लिए क्या करना चाहिए ?

(ख) खानपान में बदलाव के कौन-से फायदे होते हैं ?

(ग) 'एक तिनका' कविता में लोगों ने कवि की किस प्रकार सहायता की थी ?

(घ) 'एक तिनका' कविता से हमें क्या संदेश प्राप्त होता है ?

****